श्री

"जनता की आवाज, सच का आईना"

डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ रविवार ♦ 01 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 902

पंचायत राज चुनाव 2026

कांग्रेस ने विकास के नए युग, भाजपा ने नए आयाम, माकपा ने नई दिशा तो रालोपा ने बदलाव के साथ विकास का दिया भरोसा



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 01 नवम्बर 2026। श्रीडूंगरगढ़ व रीड़ी पंचायत राज चुनावों में सियासी सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। गांव-गांव नेताओं की आवाजाही बढ़ गई है और प्रत्याशियों के समर्थन में पार्टियों के नेता मैदान में उतरकर जीत के दावे कर रहे हैं। पंचायत समिति व जिला परिषद सदस्यों के चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच मुकाबला लगातार मुखर हो रहा है। वहीं टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर मैदान में उतरे निर्दलीय प्रत्याशी भी दलों के समीकरण बिगाड़ने की चुनौती दे रहे हैं। हर दल अपने काम, विचारधारा और भविष्य की योजनाओं को आधार बनाकर जनता के बीच समर्थन जुटाने में लगा है। गौरतलब है कि श्रीडूंगरगढ़ व रीड़ी में तीसरे चरण में चुनाव होंगे। पंचायत समिति सदस्यों के लिए 3 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। पंच व सरपंच पदों के लिए 4 नवंबर को नामांकन प्रक्रिया पूरी होगी तथा 5 नवंबर को मतदान करवाया जाएगा। उपसरपंच का चुनाव 6 नवंबर को होगा।

कांग्रेस का दावा- जीत से विकास का नया युग होगा शुरू।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। कांग्रेस देहात जिलाध्यक्ष बिशनाराम सिहाग शुक्रवार को ठुकरियासर पहुंचे और कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगे। इस दौरान पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा, राधेश्याम सारस्वत, पार्षद किशन नाई सहित प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि मंच पर मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने पार्टी की जीत को क्षेत्र के विकास से जोड़ते हुए दावा किया कि कांग्रेस को विजय मिलने पर श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में विकास का नया युग शुरू होगा।

भाजपा का दावा- विकास के नए आयाम तय करेगा क्षेत्र।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। भाजपा के चुनाव प्रचार की कमान विधायक ताराचंद सारस्वत ने संभाल रखी है। सारस्वत शुक्रवार को रीड़ी, ऊपनी सहित चार गांवों के दौरे पर रहे। वहीं देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया, जिला प्रभारी रेवंतसिंह राजपुरोहित व जिला महामंत्री दिलीपसिंह राजपुरोहित ने तोलियासर पहुंचकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। भाजपा नेता गांव-गांव पहुंचकर पार्टी की जीत के बाद क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित करने का भरोसा दिला रहे हैं।

माकपा का दावा- क्षेत्र को नई दिशा देने का काम किया।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। माकपा के चुनाव प्रचार की कमान पूर्व विधायक गिरधारीलाल महिया ने संभाल रखी है। महिया शुक्रवार को कोटासर, बापेऊ, राजेडू, लिखमीसर दिखनादा, लिखमीसर उत्तरादा व सांवतसर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से माकपा के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए नहरी पानी, ट्रोमा सेंटर और किसानों को पूरी बिजली जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। माकपा नेताओं का दावा है कि पार्टी ने क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए काम किया है और आगे भी गांवों के विकास की नई राह तय करेगी।

रालोपा का दावा- युवा शक्ति बदलाव के साथ विकास को देगी प्राथमिकता

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी भी चुनावी मैदान में पूरी ताकत झोंक रही है। पार्टी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने ग्रामीण अंचल में सभाएं कर समर्थन मांगा। वहीं क्षेत्र में प्रचार की जिम्मेदारी जिला प्रभारी दानाराम घिंटाला व डॉ. विवेक माचरा के दिशा-निर्देशन में प्रत्याशी स्वयं संभाल रहे हैं। रालोपा नेता युवा शक्ति को बदलाव का आधार बताते हुए क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता देने का दावा कर रहे हैं।

निर्दलीयों का दावा- दलों को जवाब देंगे, जनता के बीच रहेंगे

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर चुनावी मैदान में उतरे निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। निर्दलीय प्रत्याशी राजनीतिक दलों को जवाब देने और जनता के बीच रहकर काम करने के दावे के साथ प्रचार में जुटे हैं। रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में चार तथा श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में सात निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें मोमासर क्षेत्र में भाजपा से नाराज होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी विशेष चर्चा बटोर रहे हैं। ऐसे में प्रमुख दलों के सामने अपने परंपरागत मतों को सहेजने के साथ निर्दलीयों की चुनौती से निपटने की भी परीक्षा है।



कुत्तों के हमले में घायल हुआ राष्ट्रीय पक्षी मोर, युवकों की तत्परता से बची जान





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 01 नवम्बर 2026। गांव बरजांगसर की रोही में शनिवार सुबह कुत्तों ने एक मोर पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। गनीमत रही कि ग्रामीणों की तत्परता से राष्ट्रीय पक्षी की जान बच गई। गांव के सरपंच प्रत्याशी जगदीश सियाग सहित युवकों ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए घायल मोर को तुरंत श्रीडूंगरगढ़ पशु चिकित्सालय पहुंचाया। यहां चिकि त्सकों ने मोर का उपचार किया, जिसके बाद उसे वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। मोर को बचाने के इस सराहनीय प्रयास में भंवरदास पुजारी, पप्पूदास, बाबूलाल कामड़, द्वारका प्रसाद नायक, नेमीचंद नायक, रामस्वरूप नायक, एंबुलेंस चालक मनोज पुजारी, बजरंग कामड़, दिनेश कामड़ और पूरणमल सोनी ने सक्रिय भूमिका निभाई। युवकों की समय पर दिखाई गई तत्परता से राष्ट्रीय पक्षी को नया जीवन मिल सका।

दीपावली पर रोशनी से जगमगाएगा श्रीडूंगरगढ़, नगरपालिका ने शुरू किया विशेष अभियान

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 01 नवम्बर 2026। दीपावली के त्योहार को देखते हुए शहर में बेहतर रोशनी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगरपालिका ने विशेष अभियान शुरू किया है। नगरपालिका अध्यक्ष नारायण कलानी एवं उपाध्यक्ष विनोद गोसाई के निर्देशन में नगरपालिका टीम ओमप्रकाश ओड द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट लगाने और खराब लाइटों को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिन क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें नहीं हैं, वहां प्राथमिकता से नई लाइटें लगाई जा रही हैं। वहीं लंबे समय से खराब पड़ी लाइटों को भी ठीक करवाया जा रहा है। अध्यक्ष नारायण कलाणी ने बताया कि नगरपालिका का प्रयास है कि दीपावली पर शहर की गलियां और प्रमुख मार्ग रोशनी से जगमगाएं तथा नागरिकों को आवागमन में परेशानी नहीं हो। नगरपालिका प्रशासन के अनुसार त्योहार को देखते हुए रोशनी व्यवस्था से जुड़े कार्यों को गति दी गई है, ताकि शहरवासियों को दीपोत्सव के दौरान बेहतर सुविधाएं मिल सकें।





संत गोविंददास जी महाराज ने जेपीएस में बच्चों को दिया संस्कार और शिक्षा का संदेश

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 01 नवम्बर 2026। किशोर एवं युवा अपनी संगत पर विशेष ध्यान दें और बुरी संगत से सदैव दूर रहें। शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए सोशल मीडिया और भटकाव पैदा करने वाले मोबाइल एप्स से दूरी बनाएं। यह प्रेरणादायी संदेश रामकथा वाचक संत गोविंददास जी महाराज ने जयपुर पब्लिक स्कूल (जेपीएस) परिसर में विद्यार्थियों को दिया। संत गोविंददास जी महाराज ने कहा कि जीवन का लक्ष्य तपस्या होना चाहिए। संसार में अपनी उपयोगिता सिद्ध करने के लिए निरंतर परिश्रम करना भी एक प्रकार की तपस्या है। उन्होंने कहा कि परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझने वाली नवपीढ़ी ही देश का भविष्य उज्ज्वल बना सकती है। बच्चों की अच्छी कीर्ति से न केवल उनका स्वयं का बल्कि परिवार और समाज का नाम भी गौरवान्वित होता है। इस दौरान संत ने विद्यार्थियों को पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने के लिए छोटे-छोटे प्रयोगों की जानकारी दी। नन्हें विद्यार्थियों ने मोबाइल फोन से जुड़े सवाल पूछे तो संत ने उन्हें मोबाइल के दुरुपयोग बताते हुए इससे दूरी बनाए रखने की सीख दी। कार्यक्रम में स्कूल निदेशक कुंभाराम घिंटाला ने फूलमाला पहनाकर संत का सम्मान किया और आभार जताया। स्कूल स्टाफ ने भी संत का स्वागत किया। अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया।



बाल प्रतिभाओं को मिलेगा कविता वाचन का मंच, 15 नवम्बर को संस्कृति भवन में होगी प्रतियोगिता- प्रथम

तीन स्थानों के विजेताओं को मिलेंगे नगद पुरस्कार और मेडल, 5 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 01 नवम्बर 2026। राजस्थानी जन-जागरण अभियान एवं बाल कहानी प्रतियोगिता के सफल आयोजन के बाद बाल प्रतिभाओं को निरन्तर साहित्यिक मंच उपलब्ध करवाने की श्रृंखला में राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति की ओर से बाल दिवस के उपलक्ष्य में कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संस्थाध्यक्ष श्याम महर्षि ने बताया कि प्रतियोगिता 15 नवम्बर, 2026 (रविवार) को प्रातः 10 बजे संस्कृति भवन में होगी। इसमें श्रीडूँगरगढ़ तहसील क्षेत्र के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के संयोजक साहित्यकार रवि पुरोहित ने बताया कि बच्चों में साहित्यिक अभिरुचि विकसित करने, उनकी अभिव्यक्ति क्षमता को निखारने तथा कविता के माध्यम से संवेदनशील सामाजिक दृष्टि विकसित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के विजेताओं को उसी दिन आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद्-साहित्यकार कमल किशोर पीपलवा करेंगे तथा गीतकार एवं बाल साहित्यकार शिवराज भारतीय मुख्य अतिथि होंगे। सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पत्रकार-चिंतक कपिला स्वामी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम दो विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतिभागी स्वरचित अथवा कवियों की श्रेष्ठ रचनाओं का वाचन कर सकेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को कविता वाचन के लिए तीन मिनट का समय दिया जाएगा। स्वरचित नहीं होने की स्थिति में कविता वाचन से पूर्व रचनाकार का नामोल्लेख अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य रहेगा। प्रतियोगिता आयोजन की सहयोगी संस्था बागेश्वरी साहित्य, कला एवं सांस्कृतिक विरासत संस्था, बीकानेर के शकूर बीकाणवी के अनुसार प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 1100, 700 एवं 500 रुपये नकद राशि के साथ सम्मान-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पांच प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को संस्था की ओर से सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। समन्वयक भगवती पारीक %मनु% ने बताया कि साहित्य की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने, बच्चों में पुस्तकों के प्रति अनुराग विकसित करने तथा उन्हें पठनीयता और सामाजिक सरोकारों से जोड़ने की दिशा में यह आयोजन महत्वपूर्ण पहल है। इच्छुक विद्यालय एवं विद्यार्थी 11 नवम्बर, 2026 को सायं 5 बजे तक समन्वयक से संपर्क कर पंजीयन करवा सकते हैं।



पत्रकारिता के बाद अब गांव की सरकार संभालने उतरे विद्याधर शर्मा, मोमासर में ग्रामीणों के बीच रखा विकास का विजन

बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में मांगा समर्थन, पेयजल, बिजली, गौशाला, शिक्षा और युवाओं के लिए सुविधाएं विकसित करने का किया संकल्प

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 1 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत चुनावों की सरगर्मियों के बीच क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मोमासर में सरपंच चुनाव का माहौल रोचक होने लगा है। लंबे समय तक पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे विद्याधर शर्मा अब गांव के विकास का संकल्प लेकर सरपंच चुनाव के मैदान में उतरे हैं। शनिवार को उनके समर्थकों ने गांव के मुख्य बाजार में सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न जाति-वर्गों के ग्रामीण शामिल हुए। समर्थकों ने शर्मा के पक्ष में समर्थन मांगा और वरिष्ठ ग्रामीणों का फूल मालाओं से सम्मान किया। इस दौरान विद्याधर शर्मा ने राजनीति में शुचिता और पारदर्शिता का संदेश देते हुए साफ-सुथरे तरीके से गांव की सेवा करने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि गांव के प्रत्येक वार्ड में पांच-पांच सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाएगा और उनके समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

पेयजल से लेकर युवाओं के भविष्य तक रखी कार्ययोजना

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। शर्मा ने ग्रामीणों के सामने अपनी प्राथमिकताएं रखते हुए पेयजल समस्या का समाधान, बिजली व्यवस्था में सुधार और मृत पशुओं के निस्तारण की व्यवस्था करने की बात कही। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए पंचायत स्तर पर आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने, खेल एवं शैक्षणिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ट्रस्ट बनाकर छात्रवृत्ति देने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने गर्ल्स स्कूल के पास सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा सरकारी भूमि पर बेसहारा पशुओं के लिए गौशाला विकसित करवाने की बात भी कही। इसके अलावा बाबाजी की कुटिया के आसपास रहने वाले परिवारों को सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने तथा एमएल फंड से गौशाला विकसित करवाने और एक ट्यूबवेल निर्माण करवाने का संकल्प जताया।

पढ़े-लिखे नेतृत्व से विकास को गति देने की बात

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। शर्मा ने कहा कि गांव को पढ़े-लिखे और अनुभवी नेतृत्व की आवश्यकता है, जो अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर विकास कार्यों को गति दे सके। उन्होंने ग्रामीणों से समर्थन मांगते हुए मोमासर की निस्वार्थ भाव से सेवा करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के ग्रामीणों की भागीदारी और समर्थकों के उत्साह के बीच मोमासर का चुनावी माहौल चर्चा में रहा।

एलईडी पर दिखाया पूर्व सरपंच का हिसाब किताब।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। सभा में विद्याधर शर्मा ने बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई और गत कार्यकाल में पंचायत को मिलने वाले फंड की पूरी जानकारी सार्वजनिक की। शर्मा ने अलग अलग मदों में किए गए खर्च और शेष रहें फंड की जानकारी देते हुए अपने विकास का विजन ग्रामीणों के सामने रखा। उनका ये प्रयोग भी गांव में आज चर्चा का विषय बन गया है।







35 वर्षों तक विद्यालय की सेवा में समर्पित रहे मांगीलाल जमादार, भावभीने माहौल में दी विदाई





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 01 नवम्बर 2026। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ताल मैदान में विद्यालय कर्मचारी मांगीलाल जमादार के 35 वर्ष की साफ सुथरी सेवाएं पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त होने पर भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य नाजिमा अजीज ने की। विद्यालय परिवार ने साफा पहनाकर, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया। वहीं स्टाफ की ओर से वॉशिंग मशीन भेंट कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। समारोह में वक्ताओं ने मांगीलाल जमादार की 35 वर्षों की सेवाओं को सराहते हुए कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा, लगन और कर्तव्यपरायणता के साथ विद्यालय के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनका योगदान विद्यालय परिवार के लिए स्मरणीय रहेगा। सभी ने उनके मंगलमय भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में लाडेरा प्राचार्य मनीष सैनी, उप प्राचार्य मदन कड़वासरा, दीपक चौधरी, सोमेंद्र सहित व्याख्याता राजवीरेंद्र सिंह, बिशन शर्मा, पुष्पा शर्मा, सुखाराम रेगर, राधेश्याम रेगर, नंदकिशोर सैनी, कविता जानू, कुसुम, सुरभि, दीपा शर्मा, तोलाराम एवं मुरली सैनी सहित विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी और मंगीलाल के परिजन उपस्थित रहे। विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उनके साथ बिताए अनुभव साझा किए। गांव से पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता कमल किशोर पीपलवा ने किया।

नन्हें हाथों ने सजाई रंगोलियां, भारती निकेतन प्ले स्कूल में रंगोली उत्सव मनाकर दी दीपावली की बधाइयां, विद्यार्थियों को दी प्रेरणा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 01 नवम्बर 2026। भारती निकेतन शिक्षण संस्थान में दीपावली के अवसर पर शनिवार को रंगोली उत्सव व दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साह व उमंग के साथ उत्सव में भाग लिया।

कार्यक्रम में प्ले स्कूल की नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी सहित कक्षा प्रथम एवं द्वितीय कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने शिक्षिकाओं के सहयोग से विभिन्न रंगों और आकर्षक डिजाइनों में मनमोहक रंगोलियां सजाई। नन्हें हाथों से उकेरी गई रंग-बिरंगी कलाकृतियों ने विद्यालय परिसर को दीपावली के उल्लास से सराबोर कर दिया। वहीं बड़े बच्चों ने दीप सजाओ प्रतियोगिता में भाग लिया और मन से अनेक दीपो की सजावटें की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता एवं कलात्मक कौशल विकसित करने के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति रुचि बढ़ाना है। स्कूल डायरेक्टर गिरधर स्वामी ने बच्चों को दीपावली का महत्व बताते हुए घर के कार्यों में श्रम सहयोग करने, जरूरतमंद परिवारों की मदद करने और सुरक्षा के साथ दीपोत्सव मनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि त्योहार की खुशियां दूसरों के साथ बांटने से ही उसका वास्तविक आनंद मिलता है। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और एक-दूसरे को दीपावली की शुभ कामनाएं दीं।

















गेंहू की उन्नत फसल लेने के इच्छुक किसानों के लिए खास खबर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 01 नवम्बर 2026। क्षेत्र में गेहूं की उन्नत फसल लेने के इच्छुक किसानों के लिए खास खबर आर.के. दाल मील से आई है। गेंहू की अधिकतम उपज के लिए उत्तम क्वालिटी के बीज का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। जिसमें फसलों में रोग की संभावना भी कम रहती है। लेकिन बीज महंगे होने के कारण आम किसान अपने खुद के खेतों में गत वर्ष हुई उपज को ही बीज के रूप में काम लेता है। इस कारण पूरी फसल के दौरान उसे अनेक समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। ऐसे में नेशनल हाईवे पर गांव बिग्गा में शिवा पेट्रोल पंप के पास स्थित आरके मिल में किसानों को अपने खेतों की उपज को ही उच्च स्तरीय बीज में बदलने की सेवाएं शुरू की गई है। मिल के संस्थापक भंवरलाल शर्मा ने बताया कि किसानों को गेहूं की बुवाई के लिए अपनी फसल में से ही शटिंग करवा कर उच्च गुणवत्ता के बीज बनवा लेने की सुविधा दी जा रही है। मिल में किसानों से नाम-मात्र का न्यूनतम चार्ज लेकर किसानों के गेहूं में से जौ, बथुआ, कंकर आदि सफाई कर दी जाती है एवं हल्के, कमजोर दानों को भी अलग कर दिया जाता है। उच्च स्तरीय आधुनिक मशीनों की सहायता से अपने ही खेत में हुए गेहूं से आगामी गेहूं की बुवाई के लिए उच्च स्तर का बीज बनाने के लिए इच्छुक किसान मिल में संपर्क कर सकते हैं। संपर्क व अधिक जानकारी के लिए किसान 9434153514 मोबाइल नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर भारती निकेतन के एनसीसी कैडेट्स ने ली एकता-अखंडता की शपथ

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 1 नवम्बर 2026। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारती निकेतन स्कूल एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सातवीं राजस्थान बटालियन एनसीसी बीकानेर के दिशा-निर्देशानुसार एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में कैडेट्स ने देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने, राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने तथा देश के विकास और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। कैडेट्स ने एनसीसी के मूल ध्येय एकता और अनुशासन को जीवन में अपनाते हुए समाज के सभी वर्गों के साथ सहयोग, समन्वय और सामूहिक सह भागिता की भावना से कार्य करने की प्रतिज्ञा की। इस दौरान महाविद्यालय कोऑर्डिनेटर डॉ. रमेश कुमार भोजक, सहायक आचार्य कुलदीप शर्मा, ओमप्रकाश स्वामी एवं एनसीसी एएनओ नितिन सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एकजुटता, अनुशासन और सामूहिक प्रयास किसी भी सफलता के आधार हैं। आपसी सहयोग और सकारात्मक सोच के साथ एक लक्ष्य की ओर बढ़ने से कठिन कार्य भी सफल हो सकते हैं। उन्होंने युवाओं को समाज में भाईचारे, सद्भाव और एकता की भावना मजबूत करने तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।











गौरवशाली - श्रीडूंगरगढ़ के हिमांशु जोशी को मिलेगा केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक-2026

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 1 नवम्बर 2026। प्रतिभा, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के बल पर श्रीडूंगरगढ़ के युवा हिमांशु जोशी ने राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। कालूबास निवासी हिमांशु जोशी को उनकी असाधारण सेवाओं के लिए केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक-2026 से सम्मानित किया जाएगा। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। हिमांशु जोशी वर्तमान में वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्यरत डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) की मुंबई इकाई में इंटेलिजेंस ऑफिसर के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। गृह मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाने वाला केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक अधिकारियों की विशिष्ट सेवाओं और असाधारण कार्यों को सम्मानित करने के उद्देश्य से दिया जाता है। यह सम्मान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर का यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल करना उनकी सेवाओं को विशेष बनाता है।

GST दिवस पर भी मिला उत्कृष्टता सम्मान

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। हिमांशु जोशी की उपलब्धियों की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण सम्मान जुड़ा। इसी वर्ष 1 जुलाई 2026 को नई दिल्ली स्थित CSOI में आयोजित 9वें GST दिवस समारोह में उन्हें CBIC Certificate of E&cellence (उत्कृष्टता प्रशस्ति पत्र) से सम्मानित किया गया था। भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) की ओर से प्रदान किया जाने वाला यह सम्मान अधिकारियों की उत्कृष्ट कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और सराहनीय सेवाओं की पहचान है। उन्हें यह सम्मान भारत के राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने प्रदान किया था।

परिवार के संस्कारों को मानते हैं सफलता का आधार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। हिमांशु जोशी अपनी सफलता का श्रेय परिवार से मिले संस्कारों और मार्गदर्शन को देते हैं। वे अपने दिवंगत दादाजी शेराराम जोशी एवं नानाजी कृष्ण पांडिया द्वारा सिखाई गई कर्तव्यनिष्ठा, सच्चाई और ईमानदारी को अपनी कार्यशैली का आधार मानते हैं। वहीं उनके मामाजी पंकज पारीक (पंकज सर) के मार्गदर्शन का भी उनकी सफलता में विशेष योगदान रहा है। पिता देवीदत्त जोशी और माता रचना देवी जोशी के पुत्र हिमांशु की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। छोटे से शहर से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवाओं और कार्यकुशलता से सम्मान अर्जित करने वाले हिमांशु ने श्रीडूंगरगढ़ का गौरव बढ़ाया है।

सभी मिलकर देश को 2029 तक नशा-मुक्त बनाने का लक्ष्य पूरा करें - शाह



देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशवासियों से 31 दिसंबर 2029 तक भारत को पूरी तरह नशा-मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा करने की अपील की। श्री शाह ने शनिवार को यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पहले कहा कि विकसित भारत का सपना नशा-मुक्त भारत के निर्माण से ही शुरू होता है। उन्होंने सरदार पटेल के देश के भौगोलिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक एकीकरण में योगदान को याद किया। श्री शाह ने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सरदार पटेल ऐसी महान विभूति थे, जिन्होंने न केवल देश का इतिहास बदला, बल्कि उसके भूगोल को भी आकार दिया। उन्होंने अनेक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आजादी के समय दुनिया के राजनीतिक पंडितों का मानना था कि भारत बिखर जाएगा, लेकिन आजादी के बाद महज 1,218 दिनों में सरदार पटेल ने वह काम कर दिखाया, जिसे हर कोई असंभव मानता था। उन्होंने भारत का भौगोलिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक एकीकरण किया। श्री शाह ने कहा कि कई वर्षों तक सरदार पटेल को उनके योगदान के अनुरूप सम्मान नहीं दिया गया। उन्होंने कांग्रेस पर सरदार पटेल की स्मृतियों को मिटाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब श्री मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तब उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराकर सरदार पटेल की विरासत को पूरे देश के सामने स्थापित किया। गृह मंत्री ने कहा कि इस साल 31 मार्च को देश नक्सलवाद के साये से बाहर निकल आया है और अब नशा-मुक्त राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने देशवासियों से 31 दिसंबर 2029 तक भारत को पूरी तरह नशा-मुक्त बनाने का लक्ष्य पूरा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में धारा 370 हटाने, कश्मीर को भारत के साथ जोड़ने, नक्सलवाद समाप्त करने और एक देश-एक कर प्रणाली लागू करने जैसे बड़े फैसले हुए हैं। हालांकि, नशा-मुक्त भारत का निर्माण देश के युवाओं और भविष्य के लिए सबसे बड़ा काम होगा। श्री शाह ने कहा कि देश की भाषाई, सांस्कृतिक और पारंपरिक विविधता उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि मजबूती है। यही सरदार वल्लभभाई पटेल का संदेश था। भाषण के बाद गृह मंत्री ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाई और उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनसुख भाई मांडवीया और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

दिल्लीवासियों की जान-माल की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता - रेखा



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेल्हा गुप्ता ने कहा कि दिल्लीवासियों की जान-माल की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी के मद्देनजर दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) में विभिन्न श्रेणियों के 2,345 नए पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है। श्रीमती गुप्ता ने आज कहा कि दिल्लीवासियों की जान-माल की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राजधानी की बढ़ती आबादी, तेजी से हो रहे शहरी विस्तार और अग्नि सुरक्षा से जुड़ी नई चुनौतियों को देखते हुए अग्निशमन सेवा को आधुनिक और सक्षम बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है और पर्याप्त प्रशिक्षित मानव संसाधन तथा मजबूत नेतृत्व व्यवस्था लोगों की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) में विभिन्न श्रेणियों के 2,345 नए पद सृजित किए जाएंगे। वर्ष 1942 में विभाग की स्थापना के बाद 84 वर्षों के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर कैडर पुनर्गठन किया जा रहा है। इसके बाद अग्निशमन सेवा में स्वीकृत पदों की संख्या 3,096 से बढ़कर 5,441 हो जाएगी। इस कैडर पुनर्गठन के तहत उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी, मंडल अधिकारी, सहायक मंडल अधिकारी, स्टेशन अधिकारी, उप अधिकारी, अग्रणी अग्निशामक, अग्नि ऑपरेटर, चपरासी और माली सहित विभिन्न श्रेणियों में पदों का विस्तार किया जाएगा। इससे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर अग्रिम मोर्चे पर तैनात अग्निशमन कर्मियों की संख्या बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली जैसे महानगर में अग्निशमन सेवा की जिम्मेदारी केवल आग बुझाने तक सीमित नहीं है। बहुमंजिला इमारतों, घनी आबादी वाली बस्तियों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और जटिल शहरी बुनियादी ढांचे के कारण अग्निशमन एवं बचाव कार्यों की चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं।

आग की घटनाओं के अलावा विभिन्न दुर्घटनाओं, आपदाओं और अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में भी अग्निशमन सेवा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि 2,345 अतिरिक्त पदों का सृजन महज कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का फैसला नहीं है, बल्कि यह दिल्ली की जनसुरक्षा, संस्थागत क्षमता और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया गया महत्वपूर्ण निवेश है। सरकार का उद्देश्य अग्निशमन सेवा को बदलती परिस्थितियों और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करना है। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने कहा कि लंबे समय से अपेक्षित कैडर पुनर्गठन से दिल्ली अग्निशमन सेवा को मजबूत संस्थागत आधार मिलेगा।

इंडिया गठबंधन की मॉक संसद में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जन महाभियोग प्रस्ताव पारित

विपक्षी इंडिया गठबंधन की ओर से यहां शनिवार को आयोजित मॉक संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर %वोट चोरी% की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने और उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने संबंधी जन महाभियोग प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर आयोजित इस मॉक संसद में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं, सांसदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवा कार्यकर्ताओं और मतदाता सूची से नाम काटे जाने से प्रभावित लोगों ने हिस्सा लिया। ,लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार को मॉक संसद का अध्यक्ष तथा समाजवादी पार्टी के अवधेश कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया था। श्री खरगे ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ जन महाभियोग प्रस्ताव पेश किया जिसे सभा के अंत में श्रीमती मीरा कुमार ने ध्वनिमत से पारित होने की घोषणा की। इससे पहले श्री खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 2014 से सत्ता पर कब्जा बनाये रखने के लिए कई तरह की साजिशें की हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सांसदों की चोरी, राजनीतिक दलों को तोड़ने, सरकारों को गिराने और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी एजेंसियों के इस्तेमाल के बाद अब वोट चोरी भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के वोट काटकर सत्ता में बने रहने की कोशिश की जा रही है। श्री खरगे ने मुख्य चुनाव आयुक्त को तत्काल पद से हटाने, मुख्य चुनाव आयुक्त को कानूनी सुरक्षा देने के लिए दिसंबर 2023 में बनाये गये कानून को वापस लेने और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया तत्काल रोकने की मांग की।

उन्होंने कहा कि यह जन-महाभियोग लोकतंत्र की रक्षा की दिशा में पहला कदम है और रविवार को रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन देश की जनता की आवाज बुलंद करेगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि लोगों की आवाज संसद के भीतर लोकसभा और राज्यसभा में सुनी जानी चाहिए लेकिन विपक्ष को उनकी आवाज वहां तक पहुंचने नहीं दी जा रही है इसलिए उन्हें इस तरह का आयोजन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि श्री ज्ञानेश कुमार इस पूरे मामले का एक हिस्सा हैं और इसके पीछे अन्य लोग भी हैं, जिनके बारे में विपक्ष जानता है। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग इस रास्ते पर चल रहे हैं वे बदलते राजनीतिक माहौल को समझ लें, क्योंकि जनता के बीच से उभर रहा यह नया राजनीतिक हथियार उन्हें गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। श्री गांधी ने कहा कि किसी को यह नहीं मानना चाहिए कि उसे कानूनी संरक्षण मिल जाएगा या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह उसे बचा लेंगे। उन्होंने कहा कि रविवार को दिल्ली की सड़कों पर एकजुट विपक्ष देश की जनता का मिजाज दिखाएगा। समाजवादी पार्टी के हरेंद्र सिंह मलिक ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश कर रहा है और एसआईआर के नाम पर आदिवासियों तथा अल्पसंख्यकों के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं, ताकि वे मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि इस कथित गड़बड़ी का पर्दाफाश जनता की अदालत में करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ इस तरह का जन-महाभियोग आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला गठबंधन देश के लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है और पश्चिम बंगाल में लाखों मतदाताओं के नाम काटे गये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नाम नहीं काटे जाने का दावा करती है लेकिन यहां मौजूद लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाये गये हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल में भी वोट चोरी के जरिये सरकार बनाये जाने का आरोप लगाया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के बजरंग मनोहर ने कहा कि महाराष्ट्र में वोट चोरी का मामला करीब दो वर्ष पहले सामने आया था और बाद में इस तरह की शिकायतें देश के अन्य हिस्सों में भी सामने आईं। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी के जरिये सरकारें बनाने की साजिश की जा रही है। शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत ने मतदान के बाद शाम के समय अचानक बड़ी संख्या में वोट दर्ज होने पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि कई मतदान केंद्रों पर भीड़ नहीं थी, इसके बावजूद मतों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की गड़बड़ियों के पीछे मुख्य चुनाव आयुक्त की भूमिका पर सवाल उठते हैं और पूछा कि उन्हें ऐसे अधिकार किसने दिये हैं। राष्ट्रीय जनता दल के अभय सिंह कुशवाहा ने कहा कि बिहार में एसआईआर का शुरू से विरोध किया गया और पार्टी नेता तेजस्वी यादव ने इसके खिलाफ आवाज उठाई थी। चाहिए था, लेकिन संसद को हाईजैक कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को संविधान दिया, लेकिन उसके मूल सिद्धांतों को किनारे किया जा रहा है।





हॉलीवुड अभिनेता स्टीवर्ट का 86 वर्ष की उम्र में निधन

हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता पैट्रिक स्टीवर्ट का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह अपने शानदार स्टेज करियर और टीवी सीरीज स्टार ट्रेक: द नेक्स्ट जनरेशन में कैप्टन जीन-ल्यूक पिकार्ड तथा एक्स-मेन फिल्मों में प्रोफेसर चार्ल्स जेवियर के यादगार किरदारों के लिए बहुत मशहूर थे। मनोरंजन जगत में स्टीवर्ट के उल्लेखनीय योगदान ने उन्हें साइंस फिक्शन और लोकप्रिय संस्कृति में सबसे जाने-माने चेहरों में से एक बना दिया था। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी गई जानकारी के अनुसार, दिग्गज अभिनेता ने अल्जाइमर और लेवी बॉडी डिमेंशिया से कुछ समय तक जूझने के बाद बुधवार को लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर में अंतिम सांस ली। स्टीवर्ट और उनके स्टार ट्रेक: टीएनजी÷ के सह-कलाकारों ने कई फिल्मों में अपने किरदारों को बड़े पर्दे पर निभाया। इसके बाद जे.जे. अब्राम्स ने मूल टीवी सीरीज़ के किरदारों के साथ स्टार ट्रेक फिल्म फ्रेंचाइज़ी को नए सिरे से शुरू किया। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, स्टीवर्ट ने 2020 से 2023 तक प्रसारित हुई सीरीज़ स्टार ट्रेक: पिकार्ड÷ के ज़रिए एक बार फिर इस फ्रेंचाइज़ी में वापसी की। चर्चित फिल्म फ्रेंचाइज़ी एक्स-मेन में इस अनुभवी अभिनेता ने प्रोफेसर जेवियर का किरदार निभाया। इसमें उनके करीबी दोस्त और अभिनेता इयान मैककेलेन ने खलनायक मैग्नेटो की भूमिका निभायी थी। वह दिसंबर में रिलीज़ होने वाली फिल्म एवेंजर्स: डूम्सडे में एक बार फिर प्रोफेसर जेवियर के किरदार में नज़र आएंगे, जिसमें इयान मैककेलेन भी उनके साथ होंगे। स्टीवर्ट ने अपने थिएटर के काम के लिए तीन ओलिवियर पुरस्कार जीते और उन्हें टोनी पुरस्कार के साथ-साथ चार एमी पुरस्कारों के लिए भी नामांकित किया गया। वैरायटी के अनुसार, अभिनेता ने मशहूर टेलीविजन सीरीज़ द सिम्पसन्स, फैमिली गाई और अमेरिकन डैड के लिए अपनी आवाज़ दी। उन्होंने ईमानदारी से कॉमेडी की दुनिया में भी हाथ आजमाया। उन्होंने स्टीव मार्टिन की 1991 की शानदार फिल्म एल.ए. स्टोरी में एक बेहद घमंडी वेटर की हास्यपूर्ण भूमिका निभायी । इसके अलावा, मेल ब्रूक्स की 1993 की फिल्म रॉबिन हुड: मेन इन टाइट्स में किंग रिचर्ड का किरदार निभाया और 1994 में ÷सैटरडे नाइट लाइव÷ शो की मेज़बानी भी की। स्टीवर्ट के निधन की खबर से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक का माहौल है; कई कलाकार उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं और उनके योगदान को याद कर रहे हैं। स्टीवर्ट के लगभग 50 वर्षों से करीबी दोस्त रहे और एक्स-मेन में उनके सह-कलाकार इयान मैककेलेन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर अभिनेता की विरासत को याद किया। उन्होंने लिखा, हर दूसरी पहचान से पहले, पैट्रिक की पहचान इस बात से थी कि उनका जन्म और पालन-पोषण यॉर्कशायर में हुआ था। यह इंग्लैंड के उत्तर में स्थित एक ऐसा गौरवशाली काउंटी है जिससे उन्हें बेहद प्यार था और जीवन के अंतिम समय तक उनका यह लगाव बना रहा। उन्होंने आगे लिखा, आप उनकी आवाज़ में यॉर्कशायर का लहजा सुन सकते थे और जिस बेबाक ईमानदारी के साथ वह अपने विचारों एवं भावनाओं को व्यक्त करते थे, उसमें भी उनकी यह पहचान झलकती थी। यॉर्क शायर के लोग आधे-अधूरे सच या बड़े मुद्दों से बचने में विश्वास नहीं करते। पैट्रिक अपनी भावनाओं को कभी छिपाते नहीं थे। यही बात उन्हें ऐसा इंसान बनाती थी, जिस पर भरोसा किया जा सकता था, जिसकी प्रशंसा की जा सकती थी और मेरे मामले में, जिससे बेइंतहा प्यार किया जा सकता था। मैककेलेन और स्टीवर्ट की पहली मुलाकात 1970 के दशक में रॉयल शेक्सपियर कंपनी में हुई थी और बाद में उन्हें दिवंगत महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय द्वारा क्रमशः 1991 और 2010 में नाइट की उपाधि से सम्मानित किया गया। कनाडाई अभिनेता विलियम शैटनर 2011 की फीचर डॉक्यूमेंट्री द कैप्टन्स में स्टीवर्ट के साथ नज़र आए थे।





शोक संदेश

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय

तुलछी देवी

(पत्नी स्व. किशनाराम सहू, पीटीआई)

निवासी कुंतासर का स्वर्गवास दिनांक 18 अक्टूबर 2026 वार रविवार को हो गया है। जिनका बाहरवां 29 अक्टूबर 2026 वार गुरुवार को है।

शोकाकुल : मनीराम-ज्यानी देवी जाखड़ (दामाद-बेटी), नितेश, गीता, रणजीत, निशा (दोहिता-दोहिती), सुगनाराम सहू (जेठ) सुखराम सहू (देवर), हड़मानाराम, बीरबलराम, रामकरण, मूलाराम, सीताराम (जेठ पुत्र), श्रवण, विनोद (देवर पुत्र), सुरेन्द्र, रामनिवास, मनोज, गोविन्द, सहीराम, पवन, पंकज, भावेश, मुकेश, कार्तिक (पौत्र)।

गांव कुंतासर, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) मो.96728 03776

हरमनप्रीत शीर्ष स्कोरर, भारत और मलेशिया सेमीफाइनल में

गत चैंपियन भारत और मलेशिया ने अपने पहले तीन मुकाबले जीतकर पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। रविवार को लीग चरण के अंतिम दौर में दोनों अजेय टीमें एक-दूसरे से भिड़ेंगी। भारत छह टीमों की तालिका में नौ अंकों और 19 के बेहतर गोल अंतर के साथ शीर्ष पर है, मलेशिया से आगे है, जिसके भी नौ अंक हैं लेकिन आठ के गोल अंतर के साथ। जापान छह अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, उसके बाद दक्षिण कोरिया तीन अंकों के साथ है, जबकि चीन और बंगलादेश ने अभी तक अपना खाता नहीं खोला है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह पांच गोल के साथ टूर्नामेंट के स्कोरिंग चार्ट में सबसे आगे हैं, सभी पेनल्टी कॉर्नर से, क्योंकि मेजबान टीम महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपने अजेय क्रम को आगे बढ़ाना चाहती है। भारत ने बंगलादेश के खिलाफ 13-0 की शानदार जीत और चीन पर 5-2 की सफलता के बाद शुक्रवार को जापान पर 4-1 की जीत के साथ अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। अभिषेक ने अपने 150वें अंतरराष्ट्रीय मैच में जापान के खिलाफ दो बार गोल किया, जबकि हरमनप्रीत और विष्णु कांत सिंह ने एक-एक गोल का योगदान दिया। जापान के शोता यामादा ने पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए गोल किया। अभिषेक ने शुक्रवार की जीत के बाद कहा, ÷आखिरी क्वार्टर में हमारी रणनीति खेल पर नियंत्रण रखने और अधिक दबाव डालने की थी। इसी तरह हमने गोल हासिल किए।÷ उन्होंने समापन चरण में भारत के बेहतर आक्रामक प्रदर्शन का श्रेय देते हुए कहा, ÷हाफ टाइम में कोच क्रेग फुल्टन ने हमें जापान पर दबाव बनाने के लिए कहा था। मलेशिया ने बंगलादेश पर 6-1 की जीत के साथ अपना सही रिकॉर्ड बरकरार रखा, जिसमें चीन और दक्षिण कोरिया के खिलाफ पिछली जीत भी शामिल है। पंजाब के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, नौ मैच पूरे होने के साथ, टूर्नामेंट में प्रति मैच छह के औसत से 54 गोल हुए हैं। इनमें से 28 ओपन प्ले से, 23 पेनल्टी कॉर्नर से और तीन पेनल्टी स्ट्रोक से आए हैं। नौ में से कोई भी मैच ड्रा पर समाप्त नहीं हुआ है। भारत टूर्नामेंट में 22 गोल के साथ सर्वोच्च स्कोरर रहा है और उसने केवल तीन गोल खाए हैं। मलेशिया ने 14 गोल किए हैं और छह खाए हैं। हरमनप्रीत पांच गोल के साथ व्यक्तिगत स्कोरर चार्ट में शीर्ष पर हैं, जबकि मलेशिया के अबू कमाल अजराई चार गोल के साथ दूसरे स्थान पर हैं। भारत के मंदीप सिंह और अभिषेक तीन-तीन गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं. मनदीप ने बंगलादेश पर भारत की शुरुआती जीत में तीन बार स्कोर करते हुए प्रतियोगिता की अब तक की एकमात्र हैट्रिक दर्ज की है। शनिवार को सभी छह टीमों के लिए आराम का दिन था, हालांकि दक्षिण कोरिया और बंगलादेश ने शेष लीग मुकाबलों से पहले अभ्यास सत्र आयोजित किया। अंतिम छह राउंड-रॉबिन मैच 1 और 2 नवंबर को जालंधर के ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे।शाम 7 बजे भारत का सामना मलेशिया से होगा। सोमवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने लीग अभियान के समापन से पहले रविवार को। रविवार के पहले मैचों में दक्षिण कोरिया का सामना बंगलादेश से और चीन का सामना जापान से होगा। सोमवार के मुकाबलों में चीन का मुकाबला बंगलादेश से और मलेशिया का मुकाबला जापान से होगा, इसके बाद भारत का मुकाबला दक्षिण कोरिया से होगा। शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जबकि नीचे की दो टीमें पांचवें स्थान के वर्गीकरण मैच में भाग लेंगी। प्लेऑफ और फाइनल होगा।





अभिषेक बनर्जी का भाजपा पर हमला, कहा- विपक्ष को खामोश करने की कोशिशों के आगे नहीं झुकेंगे



तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पर विपक्ष की आवाज दबाने और ऐसा माहौल बनाने का आरोप लगाया, जिसमें सत्ताधारी दल से सवाल पूछने को बगावत माना जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे किसी भी दबाव या धमकी के आगे नहीं झुकेंगे और निडर होकर अपनी आवाज उठाते रहेंगे। अपने व्हाट्सएप चैनल पर जारी संदेश में श्री बनर्जी ने कहा कि देश का राजनीतिक परिदृश्य इस हद तक विकृत हो चुका है कि भाजपा की आलोचना करने को लगभग अपराध माना जाने लगा है। लोकतंत्र में जो बातें बिल्कुल सामान्य होनी चाहिए, उन्हें अब असाधारण कदम के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश को विपक्ष-मुक्त बनाना चाहती है और पश्चिम बंगाल में तो उसका यह रवैया और भी अधिक सख्त है। तृणमूल नेता ने कहा कि असहमति का अधिकार कोई अपराध नहीं है, सत्ता से सवाल पूछना गलत नहीं है और लोकतंत्र किसी एक पार्टी की निजी संपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल और देश के हितों के लिए वे हमेशा अपनी स्वतंत्र, निडर और बेबाक आवाज बुलंद करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री बनर्जी का यह बयान पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच जारी तीखी राजनीतिक खींचतान और केंद्रीय जांच एजेंसियों के मुद्दे पर चल रहे बयानों के बीच आया है। इसके जरिए उन्होंने अपने रुख को लोकतांत्रिक अधिकारों और विपक्ष की आजादी की रक्षा की लड़ाई के रूप में रेखांकित किया है।

बीकानेर मूल के आईपीएस दीपक पारीक को मिलेगा केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक-2026

बीकानेर। बीकानेर मूल के आईपीएस अधिकारी श्री दीपक पारीक को पंजाब में विशेष अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य, शौर्य और कार्यकुशलता के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक-2026 के लिए चयनित किया गया है। पंजाब के छह आईपीएस अधिकारियों को यह पदक मिलेगा। इनमें श्री दीपक पारीक भी शामिल हैं। वर्तमान में पंजाब में एआईजी पद पर कार्यरत श्री दीपक पारीक की शिक्षा पिलानी स्थित बिरला पब्लिक स्कूल और बिट्स पिलानी में हुई है। उनके चयन की घोषणा से बीकानेर और पिलानी में खुशी का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर पिता डॉ. आर.पी. पारीक को रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों की ओर से बधाइयां मिल रही हैं। श्री पारीक का पैतृक मकान सोनगिरी कुएं पर है। श्री पारीक वर्ष 2014 बेच के पंजाब कैडर के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। उनकी पत्नी भी आईपीएस हैं। श्री पारीक को पूर्व में ड्रग्स के खिलाफ कार्यवाही के लिए डीजीपी डिस्क सहित अन्य पुरस्कार मिल चुके हैं।





